राजस्थान पुलिस अकादमी,जयपुर

कोर्स रिपोर्ट

“साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर्स ”

Date 19-06-2023 to 23-06-2023 Course No. **25**, Under CCPWC Project

राजस्थान पुलिस अकादमी,जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय,राजस्थान,जयपुर के निर्देशानुसार मिनिस्ट्री ऑफ हॉम अफेयर्स द्वारा प्रायोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम के तहत “साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर” विषय पर दिनांक 19-06-2023 से 23-06-2023 तक 5 दिवसीय कोर्स आयोजित किया गया।

मुझ कोर्स निदेशक यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर तथा सहायक कोर्स निदेशक श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेंसिक्स सलाहकार, आरपीए द्वारा कोर्स का सफल आयोजन करवाया गया। इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 11 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें 02 पुलिस निरीक्षक तथा **09** उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी शामिल हुए।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती प्रीती चन्द्रा, अतिरिक्त महानिरीक्षक पुलिस, होम गार्डस द्वारा किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा साइबर क्राइम के बढते अपराधों तथा उनके रोकथाम व जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण पूर्व सभी प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन किया जाकर प्री कोर्स मूल्यांकन परीक्षा ली गयी। सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक पेन ड्राईव में प्रशिक्षण के दौरान पढायी जाने वाली अध्ययन सामग्री तथा एमएचए द्वारा उपलब्ध करवायी गयी प्रशिक्षण अध्ययन सामग्री साथ ही स्टेशनरी भी प्रतिभागियों को उपलब्ध करवायी गयी।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आरंभ श्री मनोज रमन,जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा कम्पयूटर हार्डवेयर व अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ-साथ कम्प्यूटर हार्ड डिस्क, मदर बोर्ड के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। बाद दोपहर के सत्र में श्री सुनील शर्मा, पुलिस निरीक्षक, झुन्झुनू द्वारा संचार उपकरण (मोबाइल फोन, सैटेलाइट फोन, जीपीएस डिवाइस आदि) जीपीआरएस लॉग की जांच अवधारणा पर आधारित और जांच सीडीआर और आईपीडीआर विश्लेषण व अनुसंधान में इसका उपयोगिता विषय पर जानकारी दी गयी।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस प्रथम सत्र में श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा विभिन्न ई-मेल सेवा प्रदाता, ई-मेल हैडर, समय क्षेत्र रूपांतरण, ईमेल जाँच की चुनौतियाँ व केस स्टडी के साथ व्यावहारिक अभ्यास करवाया व जानकारी साझा की । बाद दोपहर के सत्र में श्री मलिंद अग्रवाल, साईबर एक्सपर्ट द्वारा सोशल मीडिया जैसे वॉटसएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नेपचैट आदि के बारे में जानकारी प्रदान कर उनको उपयोग में लेकर हैण्डसऑन भी करवाया गया।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस सभी प्रतिभागियों को एफएसएल ले जाया गया जहॉ श्री विश्वास भारद्वाज, असिस्टेंट डायरेक्टर, एफएसएल जयपुर द्वारा क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय पर घटना स्थल के सुरक्षित करने, निरीक्षण व तैयार किये जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी गयी व बाद दोपहर क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय मे ही घटना स्थल पर तलाशी पूर्व तैयारीयों, जब्ती व दस्तावेजों तथा आवश्यक फोरेन्सिक संसाधनों की विस्तृत जानकारी भी दी गयी। साथ ही प्रतिभागियों को कंप्यूटर, लैपटॉप और सीसीटीवी (डीवीआर और एनवीआर) जब्ती, उनकी इमेजिंग और क्लोनिंग संबंधी उपयोगी जानकरी प्रदान की व हैण्डसऑन भी करवाया गया।

प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में श्री राजकुमार शर्मा, पुलिस निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो , द्वारा केस स्टडी के साथ वित्तीय धोखाधड़ी जांच और प्रक्रिया, पेटीएम, यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, एटीएम जांच की जानकारी विस्तार से करवाई गई । बाद दोपहर के सत्र में श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेंसिक्स सलाहकार, आरपीए द्वारा अन्वेषक अधिकारी के लिए महत्वपूर्ण वेबसाइटें और जांच में उनके उपयोग के संबंध में जानकारी विस्तार से साझा की गयी।

अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में श्री महेन्द्र शर्मा, उप अधीक्षक पुलिस, इन्टेलीजेंस द्वारा वीओआईपी कॉल जांच और केस स्टडीज के साथ इनसे संबंधित चुनौतियो केबारे में विस्तार से जानकरी प्रदान की व हैण्डसऑन भी करवाया गया।

बाद दोपहर के व अंतिम सत्र में श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, सीसीपीडब्ल्यूसी, आरपीए द्वारा विदेश में मामले के अनुसंधान और जांच के साथ साइबर अपराध और जांच की नवीनतम कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी साझा की गयी। सहायक कोर्स निदेशक द्वारा समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया जाकर प्रशिक्षणोपरान्त सभी की पोस्ट प्रशिक्षण मूल्यांकन परीक्षा ली गयी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस दिनांक 23-06-2023 को 04.45 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन-समारोह अकादमी स्थित वरचुअल क्लास रूम में श्रीमती ममता चौधरी, एडीजे, जयपुर मेट्रो II द्वारा समापन उद्बोधन दिया जाकर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में मन कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स के संचालन में सहभागियों एवं सम्पूर्ण प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।